Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to open a Navodaya Vidyala in Muzaffarpur, Biahr.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): **अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहती हूँ कि वैशाली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिले में सिर्फ एक नवोदय विद्यालय है । जब कि उस जिले की आबादी लगभग** 40 **लाख है । शिवहर और शेखपुरा जिले की आबादी लगभग पाँच-पाँच लाख की है । उनकी आबादी के हिसाब से मुजफ्फरपुर जिले में वर्तमान एक विद्यालय के अतिरिक्त दो अन्य नवोदय विद्यालय खोलने की आवश्यकता है, ताकि बड़े जिले के छात्र एवं छात्राओं के साथ शिक्षा कार्य में न्याय हो सके ।**

महोदय, मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ एवं उनसे माँग करती हूँ कि नवोदय विद्यालय खोलने के मामले में जिले की जनसंख्या को आधार माना जाए, ताकि हर क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को समुचित अवसर मिल सकें । धन्यवाद ।